FLORENCE INTERNATIONAL SCHOOL
CLASS- V
WORKSHEET NO: 7
HINDI

NAME: **DATE: 07/04/2020**

अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

केशव दस साल का था और अभी अपना काम सीख ही रहा था । पिता के एक बार करके दिखा देने पर वह सीधी लकीरों वाले और घुमावदार डिज़ाइन उकेर सकता था । अब तक उसने नक्काशी का जो भी काम किया था उनमें से इन घंटियों को बनाना ही सबसे ज़्यादा मुश्किल था । केशव जानता था कि एक दिन तो ऐसा ज़रूर आएगा जब वह बहुत बारीक जालियाँ, महीन-नफ़ीस, बेल-बूटे, कमल के फूल, लहराते हुए साँप और इठलाकर चलते हुए घोड़े ये सब पत्थर पर उकेर पाएगा । ठीक उसी तरह जैसे उसके पिता बनाते हैं । कई साल पहले, जब वह पैदा भी नहीं हुआ था, उसके माता-पिता गुजरात से आगरा आकर बस गए थे । बादशाह अकबर उस वक्त आगरे का किला बनवा रहे थे । केशव के पिता को यहीं काम मिल गया । केशव का जन्म भी आगरे में ही हुआ था ।

क) केशव कितने साल का बच्चा था ?

____

ख) केशव जो भी काम करता था उनमें से सबसे ज़्यादा मुश्किल क्या बनाना था ?

____

ग) उसके माता-पिता कहाँ आकर बस गए थे ?

____

घ) उस वक्त आगरे का किला कौन बनवा रहे थे ?

____

ङ) केशव के उम्र के बच्चों को इस तरह का काम करना चाहिए या नहीं ?

____